**11/09**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आज दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, कौशल एवं श्रम गतिशीलता तथा जन-जन के बीच संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। नई दिल्ली में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया और काला सागर क्षेत्र के संघर्ष सहित आपसी हित से जुड़े प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है और भारत शांति प्रयासों में सहायता के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने रूस की अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक प्रदर्शनी **'इनोप्रोम इंडिया'** का स्वागत किया। यह प्रदर्शनी पहली बार भारत में इस महीने की नौ तारीख से आयोजित की गई, जिससे व्यापार और औद्योगिक संबंधों को और मजबूत करने में इसके महत्व को रेखांकित किया गया।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक रिटायर्ड ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन -

AAPSU के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। बैठक के दौरान AAPSU प्रतिनिधिमंडल ने तागिन जनजाति के सामुदायिक नेताओं के साथ मिलकर राज्यपाल को ताकसिङ मुद्दे से जुड़ी अपनी चिंताओं और आशंकाओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र और वहां के लोगों को प्रभावित करने वाले विभिन्न विषयों पर भी अपने विचार साझा किए। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि अरुणाचल प्रदेश के प्रत्येक गांव और नागरिक के हित तथा कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाएगा। राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रत्येक इंच भू-भाग की सुरक्षा के लिए भारत सरकार और भारतीय सशस्त्र बलों की अटूट प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और विकास राष्ट्रीय प्राथमिकताएं हैं और इन सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोग राष्ट्र की शक्ति और दृढ़ता की पहली पंक्ति हैं।

0000000000000000000000000

ICAR - केंद्रीय शीतजल मत्स्य अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग और शार-सो समिति के सहयोग से दुर्लभ मछली प्रजाति शीज़ो-पाई-गोप्सिस वेडेल्ली को पहली बार तवाङ की एक प्राकृतिक झील में दर्ज किया है।

यह झील समुद्र तल से लगभग बारह हज़ार आठ सौ फीट की ऊंचाई पर स्थित है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह

जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह खोज भारत की मीठे पानी की जैव-विविधता में योगदान देते हुए इस दुर्लभ हिमालयी मछली के ज्ञात क्षेत्र का विस्तार करती है। इससे पहले इस प्रजाति को तिब्बती और चीन के ऊंचाई वालें क्षेत्रों में दर्ज किया गया था। श्री मेन ने कहा कि इस तरह की खोज हमें यह याद दिलाती है कि अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध प्राकृतिक विरासत में अभी भी बहुत कुछ ऐसा है, जिसे खोजने और समझने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों के लिए निरंतर अनुसंधान और संरक्षण बेहद महत्वपूर्ण है। उपमुख्यमंत्री ने उच्च हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र की अनूठी जैव-विविधता को दर्ज करने के प्रयासों के लिए वैज्ञानिकों, मत्स्य विभाग और शार-सो समिति की सराहना भी की।

0000000000000000000000000000

राज्य भर में आज विभिन्न विवेकानंद केंद्र विद्यालयों में सार्वभौमिक बंधुत्व दिवस का आयोजन किय जा रहा हैं। यह दिवस शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक संबोधन की स्मृति में मनाया जाता है। राज्य के विभिन्न वीकेवी विद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इनमें ईटानगर राजधानी क्षेत्र के बालिजान, चिम्पू, निरजुली, बंदरदेवा और विवेक विहार स्थित वीकेवी भी शामिल रहें। इसके अलावा राज्य के अन्य वीकेवी संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह के

दौरान विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के सार्वभौमिक बंधुत्व, सेवा, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण में समर्पित भागीदारी के संदेश पर चिंतन करने का अवसर मिला।

000000000000000000000000000

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस - ITBP ने कुरुङ कुमे जिले के कातुक और रुबा गांवों के स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिन्होंने गत तेरह जुलाई 2026 को कामला नदी में अचानक आई बाढ़ के दौरान अदम्य साहस, मानवीय भावना और निस्वार्थ सहायता का परिचय दिया था। उनके साहस, समर्पण और बहुमूल्य सहायता के सम्मान में कातुक और रुबा गांवों के कुल ग्यारह ग्रामीणों को आज दामिन सर्किल के हुरि में आयोजित समारोह में ITBP महानिदेशक का प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्थानीय समुदाय के निरंतर सहयोग के प्रति सद्भावना और आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से कातुक और रुबा गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर लालटेन तथा खेल सामग्री भी वितरित की गई।

000000000000000000000000000

लिकाबली डीसी कॉनफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय निगरानी समिति यानी DLMCC की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अगस्त 2026 की जिला विकास रिपोर्ट यानी DDR की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान अगस्त 2026 की DDR में शामिल विभिन्न विकास

गतिविधियों की प्रगति और स्थिति की पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों ने अपनी मासिक प्रगति, उपलब्धियों तथा चल रहे कार्यक्रमों और योजनाओं की स्थिति प्रस्तुत की। और इस दौरान सामने आई कठिनाइयों और चुनौतियों को भी रेखांकित किया। बैठक में जिले में विकास कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उनके आकलन के लिए नियमित निगरानी, अंतर-विभागीय समन्वय और समय पर रिपोर्टिंग के महत्व पर भी जोर दिया गया।

000000000000000000000000000